सन्देश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

आज के निरन्तर परिवर्तनशील विश्व में, भारतीय महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और देश को आगे बढ़ाने में प्रमुख रूप से भाग ले रही हैं। हमारी बालिकाएं, आगे चलकर पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में, अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप भूमिका का निर्वाह कर सकें, इसके लिए उन्हें आज से ही सशक्त और स्वावलंबी बनाने में हम सभी का यथेष्ट योगदान होना चाहिए।

08 मार्च का दिन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि को सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराने का भी अवसर है जिससे महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को साकार कर सकें और राष्ट्र के विकास में भरपूर योगदान दे सकें।

****